Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में परिवहन विभाग के उड़नदस्ते की आकस्मिक चैंकिग कर 75 हजार रुपये की संदिग्ध राशि बरामद**
- **मौके पर मिले कार्मिकों से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी**

जयपुर, *19 मई, रविवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई द्वारा आज जयपुर–भरतपुर हाईवे पर लुधावई टोल प्लाजा पर कार्यवाही करते हुये **परिवहन विभाग के उड़नदस्ते** पर आकस्मिक चैकिंग कर कार्मिकों के कब्जे से **75 हजार रुपये** से अधिक की संदिग्ध राशि बरामद की है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की भरतपुर इकाई को एक गोपनीय शिकायत मिली थी कि परिवहन विभाग के उड़नदस्ते द्वारा जयपुर–भरतपुर हाईवे पर लुधावई टोल प्लाजा एवं अन्य स्थानों पर आने–जाने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है।

जिस पर एसीबी भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की भरतपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के आकस्मिक चैकिंग की कार्यवाही करते हुए परिवहन विभाग के उड़नदस्ते की गाड़ी से **75 हजार रूपये** से अधिक की अवैध राशि बरामद की है। मौके पर उपस्थित मिले संदिग्ध **मनोज कुमार सिंघल परिवहन निरीक्षक, परिवहन कार्यालय भरतपुर,** ओम प्रकाश, कुंवरसिंह, दाउदयाल, यदुवीर सिंह, कुमरपाल–सभी संविदा सुरक्षाकर्मी एवं राकेश कुमार (प्राईवेट व्यक्ति) से संदिग्ध राशि के बारे में पूछताछ की जा रही है।

एसीबी भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के निर्देशन में मौके पर संदिग्ध कामिकों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**